जागरूक टाइम्स

epaper.jagruktimes.co.in
Mumbai - 05 Aug 2026 - Page 2



# बिड़ला महाविद्यालय में थैलिसिमिया जांच शिविर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के माइक्रोबायलोजी विभाग द्वारा रोटरी क्लब ऑफ डोम्बिवली डायमंड्स के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों के लिए थेलिसिमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों में थेलिसिमिया के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। यह एक आनुवांशिक बीमारी है जिसे समय से पूर्व पता चलने पर अगली पीढ़ी में हस्तांतरित होने से रोका जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. वंदना धकतोड़े, उप प्राचार्या डॉ. मनिंदर कौर, वरिष्ठ पैथोलोजिस्ट डॉ. माधव बैतुले और डॉ. राजेश कदम विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर की संयोजक डॉ. धीरज शेखावत ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने युवा वर्ग को विवाह पूर्व थेलिसिमिया की जांच को आवश्यक बताया जिससे अगली पीढ़ी को इस समस्या का सामना न करना पड़े। रोटरी क्लब द्वारा छात्रों को एक वीडियो दिखाई गई जिसमें थेलिसिमिया की समस्याओं और उसके समाधान का सन्देश दिया गया। महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र और प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने ऐसे आयोजनों को वर्तमान के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उप प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, डॉ. सन्देश जायभाय और सुश्री मैत्री, सागर दुसाने, कुंदन नेमाड़े, बालाजी अय्यर, जगदीश तांबट आदि रोटरी क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 225 से अधिक विद्यार्थियों की जांच की गई। डॉ. शुभांगी राजगुरु, प्रा. सिमरन गुप्ता, डॉ.नारायण तोटेवाड़, प्रा.रघुनाथ पाटिल, वल्लभ कोर, अनिकेत टोहके, दीपक महाले, अस्मिता भालेराव, कोमल पाल, अन्निका हूर, सैफ खान आदि के विशेष सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ।